हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025



# मनकी से पेंड्री तक बनेगा बायपास, मुढ़ीपार-पटेवा मार्ग का चौड़ीकरण, डेढ़ दर्जन गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री बैन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सरकार के वित्तीय बजट में शामिल किए जाने के बाद अब जिले में दो प्रमुख मार्गों पर काम शुरू होने जा रहा है। मनकी से पारींनाला-गठुला होते हुए पेंड्री तक बायपास के साथ ही टेड़ेसरा से कलडबरी-घुमका होते हुए रेंगाकठेरा तक मार्ग चौड़ीकरण के काम इनमें शामिल है। इन दोनों ही प्रस्तावित कामों के लिए भी अब जल्द ही भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यही कारण है कि अवैध खरीदी-बिक्री की संभावना को देखते हुए जिले के डेढ़ दर्जन से अधिक गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार इन दोनों ही सड़कों के काम के लिए जिले के करीब 19 गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इससे आने वाले दिनों में वहां की बड़ी आबादी को कई तरह की परेशानी होगी। वे अपनी मर्जी या जरूरत के समय जमीन की खरीदी-बिक्री नहीं कर सकेंगे। इन दोनों ही मामलों में लोक निर्माण विभाग का तर्क है कि जैसे ही यह खबर बाहर आती है कि नई सड़क बननी है या चौड़ीकरण होना है। तो इन गांव में जमीन दलाल सक्रिय हो जाते हैं। वे किसानों की जमीन कम कीमत में खरीदकर उसका ज्यादा मुआवजा पाते हैं। इस वजह से करीब 19 गांव में जमीन की रजिस्ट्री रोकी जाए। विभागों द्वारा दिए गए चिट्ठी के बाद कलेक्टर ने जमीन की रजिस्ट्री पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है।



### इन गांव में लगाया गया बैन

पारींकला से गठुला बायपास हेतु बजट में 21 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत मनकी से पेंड्री तक बनने वाले बायपास के लिए कुल छह गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें मनकी, सुंदरा, पारींनाला, गठुला, ढाबा एवं पेंड्री गांव शामिल हैं।

### चौड़ीकरण के चलते 13 गांव में बैन

टेड़ेसरा से मुड़ीपार होते हुए घुमका-कलडबरी-पटेवा मार्ग के चौड़ीकरण किए जाने के लिए 13 गांव में जमीन की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें टेड़ेसरा, फूलझर, नवागांव, मुड़ीपार, बघेरा, परसबोड़, कलडबरी, बरबसपुर, हरडुवा, घुमका, दर्रा, पटेवा एवं रेंगाकठेरा गांव शामिल है।

## बन रहा नया सिस्टम, 12 से झमाझम बारिश के आसार खेती को मिलेगी संजीवनी

राजनांदगांव। पिछले दो सप्ताह से जारी मानसून ब्रेक की स्थिति बदलने के आसार बन रहे है। लोकल के साथ ही बंगाल की खाड़ी में बन रहे नए सिस्टम के चलते आगामी 12 अगस्त से प्रदेशभर में मानसून की झड़ी देखने को मिल सकती है। खेती में फसल की ग्रोथ के लिए अब बारिश की जरूरत है। यही कारण है कि बारिश के आसार बनने से किसानों को काफी राहत मिली है। ज्ञात हो कि मानसून ब्रेक की वजह से तापमान में लगातार वृद्धि का दौर बना हुआ है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फिरोजपुर, चंडीगढ़ और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर हिमालय की तराई के पास से होते हुए उत्तर पूर्व अरूणाचल तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश के मध्य भाग में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 8 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने और भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। 12 अगस्त से प्रदेश में व्यापक वर्षा होने की संभावना है।



**तापमान 33 डिग्री पर** : मानसून ब्रेक की वजह से लगातार तापमान में इजाफा देखने को मिल रहा है। गुरुवार को अंचल का अधिकतम तापमान 33 डिग्री पर रहा, जो कि सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री पर है, यह भी सामान्य से अधिक है।

### नक्सलियों के मारे जाने की आशंका, मिले खून के धब्बे

# बड़ी वारदात के मंसूबे से आए नक्सलियों के साथ मुठभेड़, डीवीसी मेंबर पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

बुधवार देर शाम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से सटे कांकेर-बस्तर के बॉर्डर पर स्थित मदनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्सेखुर्द के जंगल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में दस्तक दिए हुए नक्सली दस्ता के साथ मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी डीआरजी टीम के साथ हुए मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की आशंका के बीच हार्डकोर नक्सली कमांडर श्रीकांत पूनेम को जंगल से 9 एमएम पिस्टल के साथ जिंदा पकड़ने में सुरक्षा बल के जवानों को सफलता मिली है। किसी घातक रणनीति को अंजाम देने नक्सली लंबे अंतराल के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जंगल में पनाह लिए हुए थे। इधर यह घटना उस समय हुई है, जब चार दिनों के बाद गृहमंत्री विजय शर्मा का इस जिले में दौरा कार्यक्रम है।

आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह ने खुलासा करते बताया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा कांकेर-बस्तर बॉर्डर पर नक्सलियों के पहुंचने की गुप्त सूचना पुलिस विभाग को मिली। नक्सली अभियान के लिए डीआरजी के 27 जवानों का बल, थाना मदनवाड़ा से आईटीबीपी 27 वाहिनी की डी. कंपनी तथा बसेली पुलिस चौकी में तैनात आईटीबीपी ई कंपनी की संयुक्त पार्टी नक्सल ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। बुधवार शाम 4 से 5 बजे के बीच डीआरजी की टीम खुर्सेकला होते हुए खुर्सेखुर्द की ओर बढ़ रहे थे, तभी जंगल में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बल के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। जिसके बाद नक्सली जंगल से भाग खड़े हुए। फोर्स की घेराबंदी में नक्सलियों का डीवीसी श्रीकांत पूनेम को 9 एमएम के पिस्टल के साथ फोर्स ने जिंदा पकड़ लिया। घटनास्थल पर खून के धब्बे पाए गए हैं। साथ ही मुठभेड़ स्थल पर नक्सली सामग्री बरामद हुए हैं। पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रयास को बड़ी सफलता मिली है। वहीं नक्सल ऑपरेशन को कारगार बनाने में डीआरजी प्रभारी भगत जाडे, श्याम सलामे, देवेंद्र ठाकुर, देव घावडे आदि की इस अहम भूमिका रही। बताया जा रहा है कि प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा आगामी 11 अगस्त को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के प्रवास में हैं। इसी बीच लंबे अंतराल के बाद जंगल में मुठभेड़ के साथ नक्सली हलचल सामने आया है।



### घातक रणनीति में नक्सली

प्रेसवार्ता में एसपी वाईपी सिंह ने बताया कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बस्तर और महाराष्ट्र में नक्सली संगठन के खिलाफ फोर्स के कारगार ऑपरेशन से माओवादियों की कमर टूट गई है। किसी तरह बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में नक्सली संगठन रणनीति बनाए हुए हैं, जिन्हें मुंहतोड़ जवाब देने नक्सल अभियान के साथ जिला पुलिस बल सतर्क है।

### नक्सली संगठन में 2010 से जुड़ा

हिरासत में लिए गए नक्सली कमांडर की पहचान श्रीकांत पूनेम उर्फ सुकनाम पूनेम 32 वर्ष निवासी ग्राम सावनार थाना गंगलूर जिला बीजापुर के रूप में पहचान हुई है। उक्त नक्सली प्रतिबंधित माओवादी संगठन डीवीसी मेम्बर एवं वर्तमान में औंधी-मोहला संयुक्त एरिया कमेटी का कमांडर होना स्वीकार किया। घटना थाना मदनवाडा क्षेत्र का होने से मदनवाड़ा में नक्सलियों के विरूद्ध 109 (1) भारतीय न्याय संहिता 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 की धारा 10, 13, 38(2) 39(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नक्सली कमांडर श्रीकांत पूनेम उर्फ सुखनाम पूनेम को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली कमांडर के कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल मय मैगजीन, 4 जिंदा कारतूस सहित एक स्मार्टफोन, एक पावर बैंक, 09 एमएम के 2 खाली खोखे एवं एके-47 के 3 खाली खोखे, नगदी रकम 11080 रुपए, 1 प्लास्टिक थैला, जिसमें नक्सली सामग्री बरामद किया गया।

# फेंक अकाउंट बनाकर महिलाओं से ठगी, दिल्ली में पकड़ाए तीन आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सोशल मीडिया में फेंक एकाउंट बनाकर युवती से दोस्ती करने एवं विदेश से महंगे गिफ्ट व विदेशी मुद्रा भेजने के नाम से भारतीय महिलाओं से ठगी करने वाले नाईजीरियन एवं दक्षिण अफ्रीका मूल के अंतर्राष्ट्रीय सायबर ठगों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 5 मई को प्रार्थिया के स्नैप चैट एकाउंट में आरोपियों द्वारा संपर्क कर फर्जी तरीके से दोस्ती कर स्वयं को विदेशी नागरिक बताकर विदेश से महंगे गिफ्ट व विदेशी रकम (पाउंड) भेजने का झांसा देकर उक्त पार्सल को एयरपोर्ट में कस्टम वालों ने पकड़ा है, उसे छुड़वाने के एवज में पैसे की मांग कर 1,23,700 रुपए की ठगी की गई थी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस, 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त आरोपी द्वारा प्रयुक्त मुख्य स्नैप चैट एकाउंट के अवलोकन करने पर मोबाइल लोकेशन उत्तम नगर न्यू दिल्ली में पाया गया। पुलिस चौकी चिचोला व सायबर सेल की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर थाना डाबरी द्वारका नई दिल्ली क्षेत्रांतर्गत चाणक्य पैलेस 25 फीट रोड में होना पाए जाने से संबंधित पुलिस थाना डाबरी पुलिस स्टाफ की मदद से संदेहियों के मोबाइल नंबर धारक को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर मौके पर पूछताछ किया।

**दक्षिण अफ्रीका और नाईजीरिया के रहने वाले आरोपी, महंगे गिफ्ट के बहाने ठगी**

### दो लैपटाप, 32 सिम जब्त

एसपी मोहित गर्ग ने बताया कि आरोपियों द्वारा भोली-भाली भारतीय महिलाओं से स्नैप चैट पर फेंक एकाउंट बनाकर दोस्ती कर विदेश से महंगे गिफ्ट व विदेशी मुद्रा पार्सल में भिजवाने का बहाना कर फिर पार्सल को भारतीय एयरपोर्ट में कस्टम ऑफिस में पकड़े जाने पर कस्टम फीस के रूप में पैसे मांगने एवं अन्य तरीके से पीड़ित को लगातार पैसे ट्रांसफर करवाकर सायबर ठगी कर रहे थे। कई महिलाओं से सोशल मीडिया, मैट्रिमोनियल साईट में फेंक प्रोफाईल बनाकर महिलओं से जुड़कर सक्रिय थे। आरोपियों से 2 नग लैपटाप, 14 नग एंड्राईड मोबाइल, 6 नग की-पेड मोबाइल सेट, 5 नग बंद मोबाइल कुल 25 नग मोबाइल, 5 नग एटीएम कार्ड एवं 32 सिम जब्त किया गया।

### तीन आरोपी को दिल्ली से पकड़ा

मोबाइल नंबर धारक द्वारा अपना नाम स्टीफन उर्फ लक्की, डेडन जो पिता गुड़ताया 30 वर्ष वर्तमान पता जनकपुरी नई दिल्ली, स्थायी पता मकान संख्या 142 अमिनबो देश-आइवरी कोस्ट (दक्षिण अफ्रीका) होना बताया। मौके पर मेमोरंडम कथन के आधार पर आरोपी स्टीफन से घटना में प्रयुक्त 1 नग लैपटाप, 8 नग एंड्रायड मोबाइल सेट, 5 नग की-पेड मोबाइल व 5 नग एटीएम कार्ड जब्त किया गया।

स्टीफन के मेमोरंडम कथन के आधार पर इनके साथ अपराध में संलिप्त किंग्सले पिता जोसेफ 35 वर्तमान पता जनकपुरी नई दिल्ली, स्थायी पता ओग्वु शहर अनंबरा देश नाइजीरिया को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त 2 नग एंड्रायड मोबाइल, 1 नग की-पेड मोबाइल व 1 नग एचपी कंपनी का लैपटाप को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना डाबरी वापस लाया गया। प्रकरण में अन्य संलिप्त आरोपी जॉर्ज चुक्वुमेका पिता चुक्वुमेका पता पश्चिम दिल्ली, स्थायी पता एटी-ओनित्शा शहर असाबा देश नाइजीरिया को 5 अगस्त को सुबह उसके निवास से पूछताछ हेतु थाना डाबरी लाया गया। आरोपी से पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया, जो जुर्म स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त 4 नग एंड्रायड मोबाइल चालू स्थिति में व 5 नग मोबाइल बंद स्थिति में को विधिवत जब्त किया गया।

## मोहल्ले में हो-हुड़दंग तीन आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




मोहल्ले में हो-हुडदंग करने के मामले में पुलिस ने तीन अनावेदक को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। पुलिस का धरपकड़ अभियान लगातार जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थानांतर्गत 7 अगस्त को निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रांतर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक राहुल निषाद 27 साल निवासी जमातपारा, रवि सारथी 38 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, नागेश्वर उर्फ पिन्टू 21 साल निवासी कोठारपारा नंदई को गिरफ्तार कर तीनों अनावेदकगणों के विरूद्ध धारा 170, 126,135(3) बीनएसएसएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदकगणों को एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# साफ्टवेयर से बढ़ी बहनों की दिक्कतें, अटकी राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

देशभर में करोड़ों बहनें अपने भाइयों को पोस्ट के माध्यम से राखियां भेजती है। इसके लिए पोस्ट ऑफिस द्वारा समय पर रखी पहुंचाने राखी मेल भी चलाया जाता है, ताकि रक्षाबंधन से पूर्व भाइयों तक राखी पहुंच सके, लेकिन इस वर्ष नए सॉफ्टवेयर से ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया के चलते राखियों को भाइयों तक पहुंचने में काफी वक्त लग रहा है। सर्वर धीमी गति से चल रही है। जिसकी वजह से पोस्ट ऑफिस कमचारियों और बहनों की परेशानी बढ़ी हुई है।

पोस्ट ऑफिस के माध्यम से राखी भेजने वाली बहनों को काफी समस्या हो रही है। यहां सर्वर डाउन के चलते राखी भेजने में काफी इंतजार करना पड़ रहा है। राखी भेजने की प्रक्रिया पहले ऑफलाइन होती थी। वहीं इसे अब ऑनलाइन कर दिया गया है और राखियों के लिफाफे की एंट्री डिजिटल तरीके से की जा रही है। राखी कहीं और भेजा जा रहा है और ऑनलाइन में चेक करने पर राखी कहीं और पहुंचना दिखाई दे रहा है। लगभग 15 दिन पहले भी जिन बहनों ने राखियां अपने भाइयों को भेजी है, उन भाइयों तक भी राखी नहीं पहुंच पाई है। ▶▶ शेष पेज 11 पर



### सही पते पर पहुंचेगी राखी

सर्वर में डाटा ट्रांसफर का कार्य चल रहा है, इसलिए ट्रेसिंग में दिक्कत आ रही है। राखियां जिस पते पर भेजी गई, उसी पते पर पहुंचेगी। अब तक 5 हजार से अधिक राखी पहुंचाई जा चुकी है।

**- ज्ञानेश मिश्रा,** सहायक डाक अधीक्षक, राजनांदगांव डाक संभाग

**छुट्टी के दिन भी बंटेगी राखियां:** सर्वर की समस्या के चलते पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर राखी भाइयों तक पहुंचे, इसलिए 10 लोगों की टीम इसी कार्य में लगाई गई है, जो मोबाइल के माध्यम से भी लिफाफे की एंट्री कर रहे हैं। काउंटर पर लंच ब्रेक भी नहीं हो रहा है। वहीं पोस्टमैन भी शाम 5 बजे की जगह 7 बजे तक राखी वाले डाक बांट रहे हैं। छुट्टी वाले दिन भी राखी पहुंचाई जा रही है। वहीं रक्षाबंधन के दिन भी पोस्टमैन घरों तक राखी पहुंचाएंगे।

### राखी लिफाफों को प्राथमिकता

पोस्ट ऑफिस के माध्यम से 10 रुपए कीमत के वाटरप्रूफ राखी स्पेशल लिफाफे बनाए गए हैं, ताकि राखी के लिफाफा की पहचान हो सके और इन लिफाफा को प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जा सके। नांदगांव डाकघर के माध्यम से अब तक लगभग 10500 लिफाफे की बिक्री हो चुकी है।

### एपीटी-2 की वजह से समस्या

बीते 4 अगस्त को पोस्ट ऑफिस में ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया के लिए एडवांस पोस्ट टेक्नोलॉजी लागू कर दिया गया है। जिसकी वजह से कुछ दिक्कतें भी आ रही है। पहले ऑफलाइन ली गई डाक इस एटीपी-2 सॉफ्टवेयर के एंट्री में गंतव्य से अलग जगह पर दिख रही है। बीते दिनों पोस्ट ऑफिस के माध्यम से राखी भेजने वाली एक बहन का कहना है कि उन्होंने अपने भाई को पुणे में राखी पोस्ट की थी, लेकिन अब तक राखी मिली नहीं है। ऑनलाइन माध्यम से ट्रेस करने पर राखी अमृतसर पहुंचाना दिख रहा है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➔ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➔ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➔ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➔ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### महिलाओं को दिया जाएगा स्थान, प्रदेश से एक साथ होगी घोषणा

# एल्डरमैन की सूची तैयार कर जिला भाजपा ने प्रदेश संगठन को सौंपा, माहांत से पहले घोषणा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के बाद सत्ता में काबिज भाजपा की सरकार अब अपने निकाय में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर तैयारियों में जुट गई है। निकाय सरकार एवं संगठन ने बैठक कर निकायवार एल्डरमैन की संभावित सूची भी तैयार कर प्रदेश संगठन को सौंप दी है। अब जरूरी बदलाव करने के बाद अगले दो सप्ताह में एल्डरमैन का ऐलान किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव के दौरान वार्ड पार्षद बनने की कतार में जुटे कई कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं मिल पाई थी। पार्टी के सच्चे सिपाही होने के चलते अब ऐसे ही कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन बनाकर उपकृत करने की तैयारी भाजपा ने कर ली है। बताया गया कि एल्डरमैन की नियुक्ति में भी महिला, ओबीसी, एसटी-एससी वर्ग को ध्यान में रखकर सूची तैयार की गई है। जिला संगठन द्वारा सूची तैयार करने के बाद उसे प्रदेश संगठन को सौंपा जा चुका है। हालांकि जिले ने पद से एक-दो नाम अधिक सूची में लिखकर भेजे हैं। जिससे कांट-छांट करने में प्रदेश संगठन को भी सुविधा हो।

### नांदगांव में दो महिलाएं

जिले में सर्वाधिक आठ एल्डरमैन की नियुक्ति राजनांदगांव नगर निगम में होनी है। भाजपा यहां भी 33 फीसदी महिलाओं को स्थान देने के फार्मूले पर काम कर रही है। बताया गया कि 8 में से कम से कम दो महिलाओं को शामिल किया जाएगा। एल्डरमैन के संभावित नामों में मनोहर साहू, भीष्म देवांगन, अजय श्रीवास्तव, नरेन्द्र हंसा, नागेश यदु, एकता अग्रहरि, करूणा राजपूत, गणेश साहू के नाम शामिल हैं।

### हर निकाय की सूची तैयार

डोंगरगढ़ नगर पालिका में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, जितेन्द्र हिरवानी, लक्ष्मी यादव, सविता धनकड़, कैलाश तिवारी, पूजा नामदेव में से किसी पांच का चयन होगा। डोंगरगांव नगर पंचायत में दयानंद सेन, राजीव वैष्णव, गुलशन हिरवानी, लोकेश यदु, संतोष यादव के नाम एल्डरमैन के लिए संभावित है। छुरिया नगर पंचायत में नीतिश सिन्हा, संगीता यादव, सोनू कसेर, गुलप्रीत सिंह भाटिया, निशा शर्मा के नाम सामने आए हैं।

**नामांकित पार्षदों का यह काम** : छत्तीसगढ़ में एल्डरमैन यानि नामांकित पार्षद का मुख्य काम शहर के विकास कार्यों को अंजाम देना और स्थानीय शासन के कार्यों का निष्पादन करना है। वे नगर निगम के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यों में नगर निगम महापौर एवं नपं व नपा अध्यक्ष की सहायता करते हैं। वे स्थानीय शासन के कार्यों में भाग लेते हैं। जैसे बजट बनाना, नीतियां बनाना और विभिन्न मुद्दों पर निर्णय लेना।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▶ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बच्चों ने बनाई आकर्षक राखियां

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुष राम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बच्चो ने वेस्ट मटेरियल का उपयोग कर आकर्षक राखियां बनाया। प्रधान पाठक ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चो के स्किल डवलपमेंट मजबूत हो रहा है साथ ही नयापन एवं नवाचार का गुण विकसित हो रहा है।

### जन्मदिन पर न्योता भोज आयोजित



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधान पाठक धनुषराम कंवर ने गुरूवार को अपने पुत्र लव्यांश कंवर के जन्म दिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। न्योता भोज में बच्चो को नमकीन एवं मीठा खिलाया गया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, बिन्दाबाई मंडावी, पवन पडोती उपस्थित थे।

### मुक्त विवि में प्रवेश 31 तक

**डोंगरगढ़।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन 31 अगस्त तक किया जा सकता है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीलिब, स्नातकोत्तर में एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा, छत्तीसगढी, एमकॉम, एमएससी गणित, कम्प्यूटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एमएसडब्ल्यू, एमबीए, एमलिब में प्रवेश लिया जा सकता है।

### बिजली कटौती से बढ़ी मुश्किलें

**डोंगरगढ़।** शहर में अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त हो गई है। दिन और रात को कई बार बिजली बंद होते रहती है। विभिन्न वार्डो के लोगो ने बताया कि न तो मेंटेनेंश की जानकारी दी जाती है और न वर्तमान में मौसम का प्रभाव देखा जा रहा है इसके बाद भी बिजली गुल होते रहती है। गर्मी से परेशान लोग बिजली बंद की शिकायत करने फोन लगाते हैं तो फोन नहीं रिसीव किया जाता। कभी कोई रिसीव कर भी लेता है तो सकारात्मक जवाब नहीं मिलता।

### मशीन से कराया काम, जांच नहीं

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बोरतलाव में मनरेगा से स्वीकृत कार्य को मजदूरों के बजाय मशीन से कराने का मामला सामने है। सरपंच ने अधिकारियों के साथ सांठगांठ और मजदूरों को भरोसे में लेकर कार्य को मशीन से करवाया। मामले का खुलासा होने के बाद अधिकारियों ने जांच के नाम से खानापुर्ति कर मामले को रफादफा कर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले 7 सालों में ग्राम पंचायत कन्हारगांव, बोरतलाव, डुंडेरा, रेंगाकठेरा में फर्जी मस्टररोल जारी करने के मामले सामने आ चुके हैं।

## निधन

### अशोक अंबादे



**डोंगरगढ़।** प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के सदस्य अशोक अम्बादे का गुरूवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 8 अगस्त को सुबह 10 बजे दंतेश्वरी पारा वार्ड 2 स्थित निवास से निकलेगी। उनके निधन पर प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़, बौद्ध समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

### खरीफ वर्ष 2024 में 2733 किसानों को मिला 6.21 करोड़ का फसल बीमा

# फसल बीमा : 23 हजार किसानों को मिली 40 करोड़ की क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत किसानों को किफायती फसल बीमा उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन को समर्थन प्रदान किया जा रहा है। बुवाई से पूर्व से लेकर कटाई के बाद तक के चरण में क्षेत्र दृष्टिकोण के आधार पर सभी गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक जोखिमों के विरूद्ध किसानों की फसलों के लिए व्यापक जोखिम कवर सुनिश्चित किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024 में 109178 ऋणी कृषक, 8688 अऋणी कृषक कुल 117866 कृषकों द्वारा रकबा 143465.56 हेक्टेयर का प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल में बीमा कराया गया था। जिसमें फसल कटाई उपरांत प्राप्त उपज आंकड़ों के आधार पर 2733 कृषकों को कुल 6 करोड़ 21 लाख 19 हजार 101 रुपए कृषकों को उनके खाते में सीधे हस्तांतरित किया गया था। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी वर्ष 2024-25 में 19473 ऋणी कृषक एवं 12161 अऋणी कृषक कुल 31634 कृषकों द्वारा रकबा 39431.58 हेक्टेयर में बीमा कराया गया था। जिसमें फसल कटाई उपरांत प्राप्त उपज आंकड़ों के आधार पर कुल 20380 कृषकों को दावा राशि 33 करोड़ 23 लाख 21 हजार 247 रुपए का दावा गणना पूर्ण रूप से कर लिया गया है। जिसका भुगतान डीजी क्लेम पोर्टल के माध्यम से किसानों को भुगतान किया जाएगा।



**31 तक होगा बीमा**

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2025 में अब तक 1065.81 रकबा हेक्टेयर का फसल बीमा कराया गया है। उन्होंने बताया कि फसल बीमा कराने की तिथि में वृद्धि की गई है। जिसके तहत अऋणी कृषक 14 अगस्त तक एवं ऋणी कृषक 31 अगस्त तक फसल बीमा करा सकते हैं। उन्होंने अब तक बीमा अपने फसलों का बीमा नहीं कराने वाले कृषकों से नजदीकी लोक सेवा केन्द्र एवं बैंक, समितियों में संपर्क कर अपने फसलों का बीमा कराकर फसलों को सुरक्षा कवच प्रदान करने की अपील की है।

# धोधा स्कूल में आज शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धोधा में आज शुक्रवार, 8 अगस्त को शिक्षक विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा और सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी जाएगी।

यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे विद्यालय के प्रांगण में शुरू होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और अध्यक्षता जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार करेंगे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और ग्रामीणजन शामिल होंगे।

विद्यालय की शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजू जंघेल और ग्राम पंचायत धोधा के सरपंच दुजेराम वर्मा ने सभी अतिथियों और ग्रामीणों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर शिक्षकों का मनोबल बढ़ाने का अनुरोध किया है। आयोजकों ने बताया कि यह समारोह सेवनृवित्त हुए शिक्षक दुर्जन राम जंघेल के अमूल्य योगदान और समर्पण को सम्मान देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### कपिनाथ बने सरपंच संघ के उपाध्यक्ष



**छुईखदान।** ग्राम पंचायत साखा के सरपंच कपिनाथ महोबिया को ब्लॉक सरपंच संघ छुईखदान का उपाध्यक्ष चुना गया है। उनके चयन के बाद बधाई देने का तांता लग गया। कपिनाथ महोबिया ने इस अवसर पर कहा कि संघ ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करेंगे। ग्रामीण विकास और पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज़ को सशक्त मंच देने सदैव तत्पर रहेंगे। उन्हें सरपंच संघ के प्रकाश जंघेल, दूजेराम, बोधनसिंह, हेमंत वर्मा, दिवाकर सोनी, दीपकसिंह राजपूत, संदीप वैष्णव, चेतन वर्मा, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, लालू महोबिया सहित अन्य ने बधाई दी है।

# बिजली संकट से कराया अवगत

### कार्यपालन निदेशक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

बिजली संबंधित समस्याओं को लेकर ज़िला पंचायत सदस्य विभा साहू ने कार्यपालन निदेशक एस सैलेट को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सब स्टेशन अर्जुनी, खुज्जी, सोनेसरार अंतर्गत आने वाले गांवों में आए दिन बिजली गुल होते रहती है जिससे जनता परेशान है।

एक ही ट्रांसफॉर्मर में घरेलू एवं पम्प कनेक्शन होने से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सालिकझिटिया, खुज्जी स्कूल मैदान के बीच से 11 केवी लाइन के जाने से कभी भी दुर्घटना होने की आशंका है। इस दौरान जनपद सदस्य रेशमलाल साहू, सरपंच भूपेन्द्र साहू, सरपंच सूर्यकांत साहू, तुलेश सोनकर, मोहन साहू, संजय साहू, तोमेश साहू, धनंजय साहू आदि उपस्थित थे।



**ट्रांससफार्मर दुरुस्त करने की मांग**

वहीं सोनेसरार उपकेंद्र में एक्स ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढाया जाए या फिर एक अलग से ट्रांसफॉर्मर लगाने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने घरेलू एवं पंप कनेक्शन को अलग-अलग की मांग रखा ताकि लो-वोल्टेज की समस्या का निदान हो सके। श्रीमती साहू ने रूदगाँव के दो पोल, सिंगारपुर के तीन पोल लगाने तथा घोरदा, मेढ़ा सहित अन्य के ट्रांसफॉर्मर दुरुस्त कराने की मांग रखा।

## घुमका में भोजली महोत्सव 10 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

- गांव में निकलेगी भोजली की शोभायात्रा

रविवार को स्थानीय लोधी समाज ने भोजली महोत्सव का आयोजन रखा गया है। लोधी समाज के सर्कल उपाध्यक्ष डिलेश्वर वर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे भोजली के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बजरंग चौक से प्रारंभ होकर चंडी चौक, महाराणा प्रताप चौक, बस स्टैंड होते हुए शीतला तालाब पहुंचेगी। यहां पूजा अर्चना कर भोजली विसर्जन किया जाएगा। टुमलाल वर्मा ने बताया क़ि भोजली महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 2101, 1501, 1001 रूपए देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान राजनांदगाँव के रेणु राय कृत रंग तरंग ग्रुप सुवा नृत्य की प्रस्तुति देगा।

# राखियों का सजा बाजार, नारियल के दाम बढ़े, व्यापारियों को ग्राहकों का इंतजार

- राजस्थान और कोलकत्ता की राखियां खड़गांव में उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

आगामी 9 अगस्त को राखी का त्यौहार है जिसे लेकर राखियों का बाजार सजकर तैयार है। ग्राहकी कम होने से राखी बाजार में अभी तक गरमाहट नहीं आई है। उम्मीद की जा रही है कि अगले दो दिनों में राखियों का व्यापार अच्छा होगा। बाजार में 2 रूपए से लेकर लगभग 300 रूपए कीमत वाली राखियां उपलब्ध है।

जानकारी के अनुसार 40 रूपए की राखी लेने पर नारियल, 80 रूपए की राखी लेने पर सोनपापड़ी और 100 रूपए की राखी लेने पर एक नारियल और सोनपापड़ी का डिब्बा गिफ्ट के तौर पर दिया जा रहा है।



**आकर्षक राखियों की डिमांड**

जानकारी के अनुसार मूंगा राखी, डोरी राखी, मोटू पतलू राखी, लाइट राखी, सोना चांदी वर्क राखी नए रंग रूप में आई है जिसे देखकर बहने मंत्रमुग्ध हो रही है। व्यापारी सुनील देवांगन ने बताया कि उनकी शाप में सभी प्रकार की राखियां उपलब्ध है। व्यापारी विनय पटवा ने बताया कि उनकी दुकान में पूजा राखी और फैंसी राखियों का भरपूर स्टाक है। व्यापारी जितेन्द्र देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उनके यहां राखियों का विशाल संग्रह है और सभी राखियों का रेट बाजार से कम है। तकिया सेठ ने बताया कि उनकी दुकान में राजस्थान, कोलकता और मुंबई की राखियां है। भीखम रावटे ने बताया कि राखियों के साथ नारियल, सोनपापड़ी, लड्डू, पेडा और अगरबत्ती उपलब्ध है। व्यापारी मोचन देवांगन ने बताया कि इस वर्ष राखी त्यौहार के चलते नारियल के रेट में बढ़ोतरी हुई है जो नारियल 15 से 20 रूपये बिकता था इस बार 25 से 30 रूपए में बिक रहा है। मिठाईयों के दाम में भी तेजी आई है जिसके कारण इस बार धंधा मंदा है।

# 20 लाख के डस्टबिन कबाड़ होने की आशंका



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने आनलाईन टेंडर के माध्यम से 20 लाख के डस्टबिन खरीदा है। खरीदी के लिए तत्कालीन सीएमओ ने टेंडर प्रक्रिया तो पूरा किया है किन्तु डस्टबिन की क्वालिटी पर सवाल उठ रहे हैं। सप्लाई के बाद उसके उपयोग की जानकारी किसी को नहीं है। पालिका के इंजीनियर ने बताया कि डस्टबिन को मेला ग्राउंड स्थित धर्मशाला में रखा गया है। सप्लायार ने स्टील के 145 नग और प्लास्टिक के 325 नग डस्टबीन भेजा है। गोदाम में रखे डस्टबिन के कबाड होने की आशंका है। पालिका ने धर्मशाला को गोदाम बना दिया है। व कांग्रेस शासनकाल के दौरान पार्षद निधि से डस्टबिन की खरीदी किया गया है। हाल में मंगल भवन मरम्मत के नाम से 13 लाख की गड़बड़ी करने का खुलासा हुआ था। जर्जर भवन को डिमेंटल करने के पहले ठेकेदार के साथ सांठगांठ कर भवन की पुताई कराया गया है। इस मामले के सामने आने अनुविभागीय अधिकारी एके तिवारी ने तहसीलदार नीलकंठ को जांच के आदेश दिए है किन्तु अब तक जांच नहीं हो सकी है। तहसीलदार ने बताया कि हड़ताल के बाद आज आफिस आए हैं।

# सर्वसम्मति से कांग्रेस के तीन मंडल अध्यक्ष का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस संगठन की सृजन बैठक ठाकुरटोला के मंगल भवन में आयोजित की गई। बैठक में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, प्रभारी रमेश खंडेलवाल की उपस्थिति और ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सेक्टर वार कार्यकर्ताओं से सेक्टर प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष बनाने पर राय ली गई।



सर्वसम्मति से मंडल अध्यक्ष मोहारा लालाराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष ढारा पंचराम चंदेल, मंडल अध्यक्ष बेलगांव दिनेतु प्रकाश जांगड़े का नाम आया । इसी प्रकार पलांदुर सेक्टर में छन्नूलाल वर्मा, बेलगांव सेक्टर फत्तूराम वर्मा, अछोली सेक्टर घनश्याम साहू, देवकट्टा सेक्टर रामेश्वर कंवर, ढारा सेक्टर सामसाय टांडेकर, मोहरा सेक्टर में रंजीत भारती को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पल्टू लहरे, राजूसिंह राजपूत, पंचराम चंदेल, लालाराम वर्मा, गोकुल वर्मा, नरसिंग वर्मा, सामसाय टांडेकर, रामेश्वर कंवर, रंजीत भारती, पोमेश वर्मा, ईश्वर नेताम, पारस टांडेकर, मोरध्वज वर्मा, दीपक कुमार, इंद्र कुमार, पमेश्वर वर्मा, राजूलाल वर्मा, सतानंद कंवर, मनोज कोसरे, कुंभकरण, राजेंद्र मंडावी, राजकुमार यादव, राजेंद्र श्रीवास, नगेश वर्मा, चलेश्वर मानिकपुरी, श्यामसिंह वर्मा, पूनम वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, लालसिंह चंद्रवंशी, चंद्रकुमार वर्मा, हेमसिंग वर्मा, मनोहर वर्मा, मनहरण वर्मा, चिंताराम वर्मा, ईश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा

**मड़ियान।** संकुल मुंगलानी अंतर्गत प्राथमिक शाला सेनडोंगर में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पढ़ाई को बेहतर बनाने, छात्र की दिनचर्या की जानकारी रखने, गलत आदतों से दूर रखने, बच्चों की पढ़ाई, प्रगति, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र बनवाने, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा, पाक्सो एक्ट, न्योताभो ज, मासिक परीक्षा के परिणाम, डिजिटल माध्यमों से शिक्षा, नियामित उपस्थिति पर चर्चा किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक सुधाकर धरमगुडे, शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े, चतुरराम ओझा, शीतल धरमगुडे, विजय साहू, लालचंद, जीवन, विरेन्द्र, मिलऊराम, शत्रुहन, चमेलीबाई, रामेश्वरी, हेमा ओझा, वीणा सहित अन्य उपस्थित थे।




### जालबांधा कॉलेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

# कॉलेज की गतिविधियों को जाना छात्रों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को महाविद्यालय से परिचित कराया गया। तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विशेष अतिथि सरपंच राजेंद्र वर्मा, बीरेंद्र वर्मा, गजानन साहू, रीता देशमुख, परदेशी साहू थे। शुरुआत में मां सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्जवलन किया गया। इस मौके पर स्वागत के बाद प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने नई शिक्षा नीति का महत्व को बताते हुए कहा कि यह नीति कौशल विकास, नैतिक विकास के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बनाई गई है। उन्होंने मिश्रित अध्ययन प्रणाली में विषयों के चयन सुविधा पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष श्री साहू ने नई उमंग और नई संभावनाओं के साथ विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति युवाओं को उज्जवल भविष्य प्रदान करेगी। एनईपी के प्रभारी संजय देवांगन ने पीपीटी के माध्यम से एनईपी की सभी बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने परीक्षा प्रणाली एवं क्रेडिट सिस्टम की भी जानकारी दिया।



**विवरणिका का विमोचन**

कार्यक्रम में ही सत्र 2024–25 के प्रथम संस्करण विवरणिका कैंपस क्रॉनिकल का विमोचन अध्यक्ष एवं प्राचार्य ने किया। संचालन डॉ. नवीन सिंह राजपूत एवं आभार प्रदर्शन पूजा देवांगन ने किया। इस दौरान डॉ कमलेश चेलक, रितेश बंजारे, रवि प्रकाश चतुर्वेदी, नेमू साहू एवं मासूम वर्मा के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण


रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने दिखाया उत्साह और हुनर

**राजनांदगांव।** सावन माह में हरियाली के उपलक्ष्य में दक्षिण भाजपा मंडल महिला समूह और नारी कल्याण स्व-सहायता समूह वार्ड 36 के संयुक्त तत्वावधान में लखोली में सावन सुंदरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं ने मिलकर सोलह सिंगार, वेशभूषा, बिंदी लगाओ, रिकॉर्डिंग डांस सहित कई पारंपरिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। सावन के झूले ने कार्यक्रम में उत्सव का रंग भर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, अशोकादित्य श्रीवास्तव, रेनू सूर्यवंशी, गीता साहू, पार्षद चंद्रिका साहू और पूर्व पार्षद मिथलेश्वरी वैष्णव की उपस्थिति रही। पूर्व सांसद ने विजेताओं को बधाई देते कहा कि महिलाओं की भागीदारी ऐसे आयोजनों को सार्थक बनाती है। यह हमारी संस्कृति और सशक्तिकरण का प्रतीक है। प्रतियोगिता में सावन सुंदरी दिव्या साहू, सोलह सिंगार प्रथम नीलम, द्वितीय रानी साहू, वेशभूषा जानकी साहू, बिंदी लगाओ में प्रथम मालती साहू, द्वितीय राधा देवांगन, रिकॉर्डिंग डांस में प्रथम रश्मि साहू, द्वितीय दामिनी साहू विजेता रही। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। पूर्व सांसद ने मंच से सभी प्रतिभागियों की सराहना करते छत्तीसगढ़ की महिलाओं को गौरव बताया। इस आयोजन को सफल बनाने में रश्मि साहू, सरस्वती साहू, राधिका साहू, मालती साहू, रीमा साहू, नीतू साहू, दिलेश्वरी यादव, सुकून यादव, रामेश्वरी यादव, जानकी साहू, दिव्या साहू समेत नारी कल्याण स्व सहायता समूह की भूमिका सराहनीय रही।

### सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक शोरी का स्वागत



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं कोष लेखा एवं पेंशन विभाग के वित्त नियंत्रक पद से सेवानिवृत्ति के उपरांत मोहला-मानपुर-अं चौकी जिले में अपने गृहग्राम अरजकुंड पहुंचने पर तिलक शोरी का ग्रामीणों एवं लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री शोरी के ग्राम अरजकुंड पहुंचने पर गांव के प्रवेश द्वार से गाजे-बाजे के साथ स्वागत करते उन्हें ससम्मान उनके निवास स्थल तक पहुंचाया गया।

पेज 09 का शेष

### साफ्टवेयर से बढ़ी बहनों...

**पर्व के बाद मिलती है राखी**
बहनों के लिए राखी भेजने पोस्ट ऑफिस एक बेहतर माध्यम है। प्रतिवर्ष अपने ससुराल से या भाई से दूर रह रही बहने भाइयों को पोस्ट के माध्यम से ही राखी भेजती है। बीते वर्ष भी समय पर भाइयों तक राखियां नहीं पहुंच पाई थी, कुछ भाइयों को रक्षाबंधन पर्व के बाद राखियां मिली, तो कुछ भाइयों तक राखियां ही नहीं पहुंच पाई। कुछ बहने राखी के 2 दिन पहले तक दूसरे राज्य के लिए राखी पोस्ट कर रही है। ऐसे में उन भाइयों को रक्षाबंधन के बाद ही राखियां मिलेंगी।

**प्रतिदिन पहुंच रही एक हजार राखी** - एपीटी-2 सॉफ्टवेयर के माध्यम से डाक भेजने के लिए मोबाइल नंबर अनिवार्य कर दिया गया है। बिना मोबाइल नंबर के डाक एंट्री नहीं होगी। राजनांदगांव पोस्ट ऑफिस के माध्यम से प्रतिदिन लगभग एक हजार राखियां शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बांटी जा रही है।

## फसलों में बीमारी लगने की आशंका, पौधों की बढ़वार थमी

# सावन में मौसम के तीखे तेवर से खतरे में फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सावन की शुरूवात में झमाझम बारिश से खेत सराबोर हो गए थे वहीं अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं। क्षेत्र में बीते सप्ताह भर से बारिश नहीं होने तथा तापमान बढ़ने से खेतों की नमी कम होने लगी है। सप्ताह भर पहले जिन खेतों में पानी भरा था वहां बूंद नजर नहीं आ रही है जिससे धान के पौधों की बढ़वार रूक गई है। कुछ दिन और यही स्थिति रही तो फसलें संकट में आ सकती है।

सड़क अतरिया के संतोष, मोहन यादव ने बताया कि माह की शुरूवात में बारिश होने से फसलों की स्थिति बेहतर हो गई थी। बारिश थमने तथा तापमान बढ़ने से फसल के खराब होने का डर बना हुआ है। कुछ दिन और यही हालात रहा तो फसलों में बीमारी लग सकती है। खेतों में धान के पौधों को माह भर से अधिक का समय हो गया है। कृषक खाद एवं दवा का छिड़काव कर रहे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई का साधन है वह पानी भर कर छिड़काव कर रहे हैं पर जिन किसानों के खेत में पानी नहीं है वह खाद एवं दवा छिड़काव के लिए बारिश के इंतजार में है। कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने किसानों को सलाह देते हुए कहा कि तापमान तेज एवं खेतों में पानी नहीं होने की स्थिति में खाद व दवा का छिड़काव रूक कर करें। वही जिन किसानों के खेतों में पानी है वह तापमान को देखते हुए प्रति एकड औसत मात्रा से कम छिड़काव करना चाहिए ताकि धान पर विपरीत प्रभाव न पड़े। मौसम में नमी होने पर खाद एवं दवा का फायदा अधिक होता है।



### बिजली कटौती से परेशान

काफी दिनों से बारिश नहीं होने के बाद खेतों में बोर आदि से पानी भरा जा रहा है। जिन किसानों के पास साधन नहीं वह भी पानी खरीद कर खेतों में डाल रहें हैं। इसमें भी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डोमार जंघेल, यशवंत कुमार ने बताया कि रात में 6 घंटे बिजली बंद रहती है जिससे कृषक दिन में ही खेतों में पानी चला पाते हैं परन्तु दिन में बिजली की सप्लाई बंद कर दिया जाता है। दिन भर में दस बार से अधिक बिजली का आना जाना लगा रहता है। जिसका औसत वोल्टेज भी कम होता है। ऐसे में खेतों में पर्याप्त पानी का भराव नहीं हो पा रहा है।

**खाद की समस्या हल नहीं**
खरीफ सीजन के शुरूवात से ही खाद की किल्लत बनी है, जो वर्तमान में भी है। क्षेत्र की सोसायटी में अब तक पर्याप्त मात्रा में डीएपी, यूरिया खाद नहीं पहुंची है। दुकानों में खाद दोगुने दाम पर बिकने का सिलसिला जारी है।

# गंडई के अटल परिसर निर्माण में अनियमितता के लगे आरोप

## शुरूआत से ही गुणवत्ता पर उठाए जा रहे थे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर के वार्ड क्रमांक 7 में स्थित शासकीय अस्पताल के सामने बन रहे अटल परिसर के निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगा है। करीब 19 लाख 77 हजार की लागत से बन रहे इस परिसर का कार्य लगभग 80 से 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है, लेकिन शुरुआत से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

■ परिसर में तराई का काम ठीक से नहीं किए जाने की शिकायत

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा कई नियमों की अनदेखी की गई है। आरोप है कि परिसर में तराई का काम ठीक से नहीं किया गया, जिससे भविष्य में नुकसान हो सकता है। कुछ समय पहले ही लगाई गई चेकर टाइल्स भी धंसने लगी थी, जिसे बाद में उखाड़कर दोबारा लगाया गया। वर्तमान में, जहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित होनी है, उस चबूतरे पर फ्लोरिंग का काम चल रहा है। आरोप है कि बेस में मिट्टी और अन्य सामग्री डालकर उसे बिना सब्लिंग किए ही फ्लोरिंग की जा रही है। अगर यह काम लापरवाही से किया गया, तो चबूतरा भी जल्द ही धंस सकता है।



### आस्था से खिलवाड़

बता दे कि अटल परिसर जितना भारतीय जनता पार्टी के लिए आस्था का केंद्र है उससे कही ज्यादा आम नागरिकों के लिए भी आस्था का केंद्र है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी आम जन के लिए रोल मॉडल है ऐसे में उनके परिसर निर्माण कार्य में लापरवाही कोई भी बर्दास्त नही कर पायेगा ये आम जन के आस्था के साथ खिलवाड़ होगा।

**करवांऊगा जांच**
मैं जल्द ही अधिकारियों को निर्माण स्थल पर लेकर जाऊंगा और पूरी जांच करवाऊंगा। अगर काम में कोई भी गड़बड़ी पाई गई तो ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने की मांग की जाएगी।- **राकेश निषाद,** पार्षद

**गुणवत्ता का ध्यान**
एक महीने पहले ही सब्लिंग का काम किया गया था। अब उस पर सामग्री डालकर बेस बनाया जा रहा है। ऊपर के चबूतरे पर सरिया डलवाया गया है और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।- **किशन लाल यादव,** ठेकेदार

**सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत**
राजनांदगांव। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम मोहड़, रातापायली एवं नाथू नवागांव में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50-6.50 लाख रुपए कुल 19 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## स्वच्छता जागरूकता अभियान

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों, चौक-चौराहों, सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने तथा नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम बघेरा में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मितानिन दीदियों के नेतृत्व में स्वच्छता दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, ग्राम संगठन की सक्रिय महिलाएं, पंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों को समाज के एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने घरों के साथ-साथ गांव के समस्त सार्वजनिक स्थलों को भी स्वच्छ रखने की अपील की गई।



# पालकी में निकलेंगे लड्डू गोपाल, जन्माष्टमी पर होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान समाज के तीनों शाखाओं द्वारा संयुक्त रूप से मोटर साइकिल रैली और भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन को लेकर समाज के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा कि 16 अगस्त शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। यादव समाज द्वारा 40 वर्षों से निरंतर आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण दिवस पर यादव समाज द्वारा 15 अगस्त को वृहद मोटर साइकिल रैली निकाली जाएगी। वहीं 16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस दौरान महारानी स्कूल के समीप साहड़ा देव मंदिर में सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी।




### स्टेट स्कूल मैदान में प्रसादी वितरण

शोभायात्रा दोपहर में साहड़ा देव मंदिर से निकलकर स्टेशन चौक, दिल्ली दरवाजा चौक, शनि मंदिर चौक, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना चौक, बाल गोविंद चौक, दुर्गा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, जमातपारा, गुरूद्वारा चौक से स्टेट स्कूल प्रांगण में संपन्न होगी। इस दौरान यहां प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### विभिन्न वार्डों से निकलेगी झांकी

यादव समाज द्वारा साहड़ा देव की पूजा-अर्चना पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में लड्डू गोपाल श्रीकृष्णा पालकी में सवार होकर निकलेंगे। शोभायात्रा में मंड़ई मेला, देवध्वज, राऊत नाचा, अखाड़ा, छत्तीसगढ़ महतारी, भारतमाता, राष्ट्रध्वज के साथ बैंड बाजा, राधाकृष्ण की समूह नृत्य के साथ शोभायात्रा निकलेगी। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों से झांकी भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

**श्रीकृष्ण और देशभक्ति के साथ निकलेगी रैली**
यादव समाज द्वारा दो दिवसीय आयोजन के दौरान 15 अगस्त को मोटर साइकिल रैली शहर के स्टेट स्कूल मैदान से दोपहर 2 बजे निकाली जाएगी। यह रैली शहर के विभिन्न में मार्गों से होते हुए गौरीनगर स्कूल मैदान में पहुंचकर संपन्न होगी। इस दिन स्वतंत्रता दिवस होने के चलते रैली में राष्ट्रीय ध्वज लेकर समाज के लोग शामिल होंगे। प्रेस कान्फ्रेंस के अवसर पर समाज के पदाधिकारी मन्ना यादव, भोला यादव, राधेलाल यादव, महेश यादव, गरीबा यादव, सुदेश यादव, उपेंद्र यादव, रितेश यादव, दुर्गेश यादव सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर मितानिन संघ हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छुईखदान विकास खण्ड के मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर द्वारा काम बंद कलम बंद कर हड़ताल पर चले गए।

छुईखदान विकासखंड के मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर ने खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा से मुलाकात कर अपनी मांगों के लिए समर्थन मांगा जिसे लेकर श्रीमती वर्मा ने कहा कि आप लोगों की मांग सही है, प्रशासन को आपकी मांगों को पूरा करना चाहिए।

ज्ञात हो कि 7अगस्त से प्रदेश के समस्त स्वास्थ्य मितानिन संघ अपनी लंबित मांगों को लेकर मितानिन कार्यक्रम के मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर द्वारा प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आह्वान पर अनिश्चितकालीन काम बंद कलम बंद कर प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर चले गए है।

### विधायक से मिलकर मांगा सहयोग



### आमजनों की बढ़ी परेशानी

पूर्व में जिले के सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लाक कोऑर्डिनेटर 29 जुलाई को प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया था। मांगों पर शासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किये जाने के कारण 7 अगस्त से प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल कर निर्धारित धरना स्थल ग्राम तूता नया रायपुर में धरना प्रदर्शन में हिस्सा लिए है। मितानिन संघ के हड़ताल में चले जाने के कारण आम जनों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है।

# पालक - शिक्षक संवाद का आयोजन

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला चकनार में गुरूवार को पालक-शिक्षक संवाद बैठक एवं नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक और पालकों के बीच स्कूल प्रबंधन एवं व्यवस्था आदि को लेकर सार्थक चर्चा किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, मिड-डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पालकों की सहभागिता सशक्त बनाना था। बैठक में उपस्थित सभी पालकों ने न केवल शिक्षकों के कार्यों की सराहना की, बल्कि विद्यालय विकास हेतु कई सकारात्मक सुझाव भी साझा किया। बैठक में प्रधानपाठक जीडी भारती, सरजू साहू, भैरव साहू, रूपसिंह पटेल, अमृत मार्काम, योगेश साहू, पुनीता, मंजू, कल्पना पुडेटी, साहू मेडम, राधेश्याम कुर्रे, भोजराम, देवराज, राजू, मनोज साहू, गौतम, उपसरपंच डोगेन्द्र शोरी, टाकेश सामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत नेवता भोज का आयोजन किया गया था जिसमे बच्चों को दाल, चावल, खीर, पूरी, सलाद एवं पापड़ खिलाया गया।



### तंबाकू-मुक्त परिसर की शपथ

इस अवसर पर पालकों एवं शिक्षकों ने विद्यालय को पूर्णतः तंबाकू-मुक्त परिसर बनाने की सामूहिक शपथ ली, ताकि विद्यालय को एक स्वस्थ, प्रेरणादायक एवं अनुशासित वातावरण मिल सके।

# महापौर ने किया भूमिपूजन, लगाए पौधे

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 15 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से रोड व नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किए।

इस कार्यकाल के प्रारंभ में ही नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड विकास के लिए स्वीकृति प्रदान किए। जिससे वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आज रानी सूर्यमुखीदेवी वार्ड के कलारपारा में रोड निर्माण तथा फल मार्केट में नाली निर्माण करने भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी वार्डों में पार्षद की अनुशंसा अनुसार विकास कार्य कराए जाएंगे। इस दौरान टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, वर्षा सिन्हा, सावन वर्मा, केवरा राय, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, झामित नदान सेन, अमृता सिन्हा, रवि सिन्हा, सतीश साहू, राधेश्याम गुप्ता, शरद सिन्हा, विजय राय, अनिता सोनवानी, दीपक सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, मूलचंद भंसाली, रमेश सोनवानी शामिल थे।



### लखोली में भी किया भूमिपूजन

महापौर मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 35 एवं 36 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10-10 लाख रुपए की लागत से सीमेंट कांक्रिटींग रोड एवं नाली निर्माण कराने दोनों वार्ड में अलग-अलग आयोजित कार्यक्रम में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। लखोली दुर्गा चौक शीतला मंदिर के पास रोड एवं मुनाईपारा में नाली निर्माण करने तथा सेठीनगर रोड व नाली निर्माण भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● BDS, MDS ● BAMS ● BHMS ● BNYS ● BPT ● NURSING ● PARAMEDICAL ● D. PHARMA ● B. PHARMA ● M. PHARMA
● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY ● BBA, MBA ● LLB, LLM ● BCA, MCA ● VETERINARY ● B.Lib, M.Lib ● Nursery to Class 12th (All subject) ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC) ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

अशोका आई. टी. आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com

## सार समाचार

### झेरिया यादव समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी का संयुक्त जिला स्तरीय बैठक गत दिनों मंगल सिंह यादव कार्यकारी अध्यक्ष जिला दुर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं ज्योतिषराम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष राजनांदगांव के अध्यक्षता में रूदगांव में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि जीआर अहीर जिला संरक्षक, सेवकराम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, विष्णु यादव अध्यक्ष खुज्जी, शिव यादव अध्यक्ष डोंगरगढ़, शत्रुघन यादव अध्यक्ष छुरिया, अनुज यादव अध्यक्ष खैरागढ़, राधे यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दुर्ग, संजय यादव महामंत्री दुर्ग, संतोषी यादव संगठन सचिव महिला प्रकोष्ठ, सरजू राम यादव संरक्षक छुरिया उपस्थित थे।



बैठक में अतिथियों ने सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास, परंपरा पर विस्तृत चर्चा करते नशापान से दूर रहने कहा गया। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी सद्भावना पूर्ण वातावरण में उत्साह पूर्वक मनाने आह्वान किया गया । बैठक में सामाजिक नियमावली पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात सामाजिक निराकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवकुमार यादव प्रवक्ता ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर - खुशबू

**राजनांदगांव।** ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान आंचल संकुल पदुमतरा कलस्टर में 6 जुलाई को वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत राजनांदगांव ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान सभापति खुशबू राकेश साहू, जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, पदुमतरा सरपंच हिना धनश्याम साहू, बासुला सरपंच मालिकाम कोसरे, जनपद पंचायत बिहान के सुशील श्रीवास्तव एवं संकुल एसी वृति सूर्यवंशी समस्त बिहान समुह शामिल हुए।



मुख्य अतिथि ने कहा कि बिहान समूह के माध्यम से आज सभी महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, आत्म निर्भर हो रहे हैं। सभी संगठन में मिलकर रहे। जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही जिन-जिन बिहान के दीदीओ ने अपने संगठन के लिए काम किया है, उन्हें श्रीफल, साड़ी एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं आंचल संकुल में वृक्षारोपण कार्य किया गया।

### दिव्यांग बच्चों ने की महादेव की महाआरती

**राजनांदगांव।** अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों ने श्री बागेश्वर महादेव की महाआरती की। श्री बागेश्वर धाम मंदिर में सावन माह में सावन महोत्सव श्रद्धा-भक्ति व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रति सावन सोमवार शिवभक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की संध्या महाआरती की जा रही है। अंतिम सोमवार को भगवान बागेश्वर महादेव की महाआरती के लिए अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों को आमंत्रित किया गया था। उक्त महाआरती की तैयारी श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवकगण पंकज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, सूरज गुप्ता, विजय गुप्ता, मयंक, शर्मा, राजेश शर्मा, अजय गुप्ता सौरभ खंडेलवाल द्वारा की गई थी।



चौथे सोमवार को संध्या अभिलाषा के दिव्यांग बच्चे भी बागेश्वर धाम मंदिर पहुंचे और श्री बागेश्वर महादेव के दर्शन के बाद हर-हर महादेव, जय बागेश्वर धाम का जयकारा लगाया गया। तत्पश्चात महाआरती की गई। महाआरती पश्चात दिव्यांग बच्चों को महाप्रसादी वितरित की गई। बच्चों को भावेश अग्रवाल द्वारा उपहार वितरण किया गया तथा अगले आयोजन में आने का न्योता देकर बिदाई दी गई। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक विकास गुप्ता व सौरभ गुप्ता द्वारा दी गई।

### शहर सतनामी समाज का मतदान आयोजित

**राजनांदगांव।** शहर सतनामी समाज सेवा समिति नंदई राजनांदगांव द्वारा 3 अगस्त को चुनाव शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया और मतदान के माध्यम से विभिन्न पदों के लिए अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। नव निर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष नरेंद्र राय, कोषाध्यक्ष किशन जोशी, महामंत्री खिलेश बंजारे, सचिव राज खरे शामिल हैं। पीठासीन अधिकारी के रूप में अजय बर्मन, कांति टंडन, क्रेम पात्रे, पारस चंदनिया, दिनेश मार्कण्डेय व हितेश जोशी के तत्वावधान में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पार्षद केवरा विजय राय द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शुभकमनाएं दी गई।



### वर्षों बाद खुले मोहारा एनीकट के 35 गेट

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार इस वर्ष मोहारा एनीकट के सभी 35 गेट खोले गए। जिससे आंशिक रूप से नदी में जमे गाद (सिल्ट) निकलना एवं बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से राहत मिलेगी। जल संसाधन संभाग राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता नीलेश रामटेके ने बताया कि राजनांदगांव शहर के पेयजल की समस्या को देखते गेट बंद किया गया था। पेयजल की समस्या को देखते वर्षा ऋतु में भी कुछ गेटों को बंद रखना आवश्यक है। जिससे राजनांदगांव शहर में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। आवश्यकतानुसार नगरीय क्षेत्र के लिए मोहारा एनीकट के गेट खोले एवं बंद किए जाएंगे।



### बम्हनी चारभांठा सोसायटी में किसानों ने जमकर बोला हल्ला

# खाद की कमी से जूझ रहे नाराज किसानों ने सोसायटी में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोसायटी में खाद की उपलब्धता नहीं होने से नाराज तीन गांव के किसानों ने छुरिया विकासखंड के बम्हनी चारभांठा सोसायटी में ताला बंदी कर दी। खेती-किसानी के कार्य के दौरान खाद नहीं मिलने को लेकर किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अविभाजित राजनांदगांव जिले के किसान लगातार खाद की कमी से जूझ रहे हैं। जिसको लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू ने बीते दिनों प्रदर्शन करते सांसद कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर खाद की कमी को दूर करने की मांग की थी। इसके बावजूद वनांचल क्षेत्र में खाद का संकट बना हुआ है। जिले के छुरिया विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बम्हनी चारभाठा में खोबा, बम्हनी और कल्लूबंजारी के सैकड़ों किसान एकत्रित हुए और यहां सोसायटी में खाद की कमी को लेकर बम्हनी चारभांठा सोसायटी में ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों द्वारा प्रदर्शन करने की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक छन्नी साहू भी मौके पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से खाद उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर पहुंचे जनपद अध्यक्ष द्वारा 500 बोरी खाद आने की जानकारी दी गई और इसके बाद किसानों ने ताला खोला।



**आश्वासन के बाद मामला शांत :** किसानों के आंदोलन करने के बाद यहां पर 500 बोरी यूरिया खाद भेजा गया, जिसे भर्रीटोला सोसायटी में वितरण हेतु ले जाया गया। वहीं जनपद अध्यक्ष ने सोमवार को 1000 बोरी और खाद आने का आश्वसन दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

#### समय पर खाद नहीं मिलने से फसल पर असर

जिले में खाद की कमी को लेकर पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा लगातार मामला उठाया जा रहा है और किसानों के साथ आंदोलन भी किया जा रहा है। वहीं खाद की कमी को लेकर किसानों की चिंता भी बढ़ी हुई है। समय पर खाद नहीं मिलने से इसका असर सीधे फसल पर पड़ेगा।

#### खाद नहीं पहुंचने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

खाद के संकट को लेकर पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार किसानों को खाद की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। खाद की कमी को लेकर अधिकारी जवाब नहीं दे पा रहे। उन्होंने कहा कि बियासी के समय खाद की काफी आवश्यकता रहती है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है। वहीं बाजार में खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है और अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें अधिकारियों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अधिकारियों के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी हो रही है और किसानों को दो-तीन गुने अधिक दाम पर बाजार से खाद देना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यहां लगभग 387 टन खाद की आवश्यकता है, लेकिन अब तक 127 टन खाद ही उपलब्ध हुआ है। पूर्व विधायक ने कहा कि अगर सोमवार तक खाद की खेप नहीं पहुंची तो मंगलवार को बड़ा आंदोलन इस मुद्दे पर किया जाएगा।

### ताला तोड़कर दुकान से नगदी रकम पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी रकम की चोरी कर ली। वहीं एक दुकान का ताला टूटने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात रेस्ट हाऊस के सामने स्थित दुकान कृषि कल्याण केन्द्र के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने दुकान के टेबल के अंदर रखे बैग से नगदी रकम 16000 रुपए को चोरी कर लिया। बताया गया कि उक्त दुकान के बाजू से जीके इलेक्ट्रिक का भी अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर सामान बिखरा दिया था। चोरी एवं दुकान का ताला टूटने की खबर से आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### चाकूबाजी में युवक घायल

**राजनांदगांव।** आपसी विवाद के चलते चाकूबाजी की घटना हुई। जिसमें एक युवक के घायल होने की खबर है। प्राप्त जानकारी अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोदेला के पास आपसी विवाद के चलते युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिसे गंभीर हालत में उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## ग्रामीणों ने समस्याओं को लेकर जेई से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** खुज्जी क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमरी के ग्रामीण सरपंच दीनदयाल साहू के नेतृत्व में लगातार हो रही विद्युत कटौती के विरोध में जेई से मुलाकात कर विरोध जताया। बता दें कि खुज्जी उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुंडरदेही, कलडबरी, महरुम, कांपा, रतनभाट, अरजकुंड, तुमड़ीकसा, पथरागांव, ग्वालिनडीह, बावली के ग्रामीण आए दिन बार-बार विद्युत कटौती से परेशान हो चुके हैं। सरपंच साहू ने कहा कि करमरी फीडर सहित अन्य गांव पर नया ट्रांसफार्मर सहित अन्य समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई नहीं किया जाता है तो इस क्षेत्र के ग्रामवासी धरना प्रदर्शन सहित चक्काजाम करने पर बाध्य होंगे। सरपंच सहित ग्रामवासी धनीराम, सुरेन्द्र ठाकुर, गौतम निषाद, सुरेन्द्र लोहार, विरेंद्र आर्य, भुवन, बंशी, सालिक ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



## कार को ट्रक ने ठोका, एक की मौत

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में कार को ट्रक ने ठोकर मार दिया। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। वहीं कार सवार महिला घायल है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह नेशनल हाईवे में कार में सवार केवल सिंह देवादा के पास कार खड़ी कर गेट खोल रहा था। इसी दौरान लापरवाही से भागती आ रही ट्रक ने ठोकर मार दिया। बताया गया कि इस घटना में उक्त व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार हेतु भिलाई के निजी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कार में सवार एक महिला भी घटना में घायल हुई है।

## मनीष को अध्यक्ष व नीरज को मिली सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सबसे पुरानी समिति बाल समाज ने इस बार भी गणेश उत्सव की तैयारियां व्यापक पैमाने पर शुरू कर दी है। पिछले दिनों आहूत बैठक में मनीष खंडेलवाल को बाल समाज का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा भी कर दी है।





अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल द्वारा जारी कार्यकारिणी में संरक्षक जगदीश जिंदल, खूबचंद पारख, श्रीकिशन खंडेलवाल, नत्थुलाल अग्रवाल, नंदलाल राठी, मूलचंद मुरारीलाल डागा, मोहन अग्रहरि, कमल किशोर पोरवाल, सूर्यकांत चितलांग्या, डॉ. पुखराज बाफना, बिसन अग्रवाल, अशोक कुमार डागा, राजेन्द्र लड्ढा, संतोष हुंका, सुभाष हुंका, अनिल अग्रवाल, अजीत जैन, दिनेश जिंदल, पुरूषोत्तम गांधी, ताराचंद नाहटा, अनिल गुप्ता, कैलाश हुंका, ईश्वर अग्रवाल, राजेश जिंदल, अशोक पांडे, राजेश चितलांग्या, दिनेश लाल, सत्यनारायण खंडेलवाल मनोनीत किए गए हैं। उपाध्यक्ष कैलाश राठी, विकास अग्रवाल, गुच्ची जैन, सचिव नीरज माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष मनोज बैद, सह-सचिव जीतू चोपड़ा और गोपाल भट्टड मनोनीत किए गए हैं। वरिष्ठ सदस्यगण में नंदू भूतड़ा, सचिन अग्रहरि, पवन डागा, राजू खंडेलवाल, सुरेश पोरवाल, दीपक गांधी, रोशन गोलछा, सूर्यकांत जैन, मुन्ना अग्रवाल, गोपाल शर्मा, सुनील उभरानी, रतन गिड़िया, सागर चितलांग्या, सुरेन्द्र लोहिया, मधु बैद, रानू जैन और जैनम बैद मनोनीत किए गए हैं। सदस्य के रूप में नंदू जैन, गुड्डु जैन, अरूण चोपड़ा, राजू पोरवाल, बंटी जैन, मनोज पींचा, हितेन्द्र तिवारी, सिद्धार्थ मित्तल, रूपेश गुप्ता बनाए गए हैं। पूजा प्रभारी जीतू चोपडा, गोपाल भट्टल, तन्मय चौरसिया, गंधर्व हुंका, राहुल अग्रवाल, राघव गांधी, ऋषभ नाहटा, सारांश खंडेलवाल, प्रथम चितलांग्या, अबीर खंडेलवाल और कृष्णा को बनाया गया है।

#### विसर्जन झांकी के संयोजक बने दामू

बाल समाज द्वारा इस साल भी विसर्जन झांकी निकालने का निर्णय लिया गया है। इसके संयोजक दामू भूतड़ा को बनाया गया है। प्रभारी के तौर पर भरत साहू, मदन राठी, सूरज खंडेलवाल, सुजीत मित्तल, विक्की झांझरी, राजेश चंदेल, गोपाल खंडेलवाल, पराग हुंका, मोहन मेश्राम, राजकुमार गांधी, आलोक जैन, रमेश बाफना, मनोज यादव, बबली नाहटा, मीनू जैन, पुरूषोत्तम भूतड़ा, दीपक ठाकुर, हीरा माहेश्वरी, प्रमोद अग्रवाल, राजू डागा और रमेश राठी बनाए गए हैं।

## फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**राजनांदगांव।** शहर के व्यस्तम मार्ग को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व सुगम आवागमन के लिए प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में दो बार चेम्बर ऑफ कामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की गई। चर्चा उपरांत प्रशासन की टीम शहर के प्रमुख मार्गों में जाकर दुकान की सीमा में समान रखने व अतिक्रमण हटाने समझाईस दिया। समझाईस उपरांत समान व्यवस्थित नहीं रखने पर प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ फ्लाई ओवर के नीचे, गुडाखू लाइन, सिनेमा लाइन, जूनीहटरी, ममता नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सामान हटा अतिरिक्त लगे शेड तोड़ने की कार्रवाई किए थे। साथ ही गुरूद्वारा रोड, महाकाल चौक, जयस्तम्भ चौक के आसपास तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने समझाईस दिए थे।

गुडाखू लाइन, सिनेमा लाइन, जूनीहटरी, फ्लाई ओवर के नीचे पुनः अतिक्रमण होने पर बुधवार को नगर निगम आयुक्त, एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहकर दुकानदारों को बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने सहयोग करने समझाईस दी। साथ ही ठेला, पसरा, हटवाकर दुकान के बाहर रखे व लटके समान की जब्ती की गई। उन्होंने शहर के बाजार क्षेत्र के व्यापारियों से कहा है कि सामान दुकान की सीमा में रखें अतिक्रमण न करें। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा। आज के अतिक्रमण हटाओ अभियान में निगम के अधिकारी, बसंतपुर थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी सहित अतिक्रमण दस्ता तथा पुलिस प्रशासन उपस्थित था।



#### सामान जब्त कर शेड हटाया

गौरतलब है कि गुडाखू लाइन, सिनेमा लाइन, जूनीहटरी क्षेत्र एवं फ्लाई ओवर के नीचे पुनः अतिक्रमण होने पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा व तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव बुधवार को घूम-घूमकर समझाईस देकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। प्रशासन ने यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने तथा बाजार क्षेत्र को व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया और अतिक्रमण हटाने, समान दुकान के अंदर रखने समझाईस देकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सामान जब्त कर शेड हटाए और आज पुनः बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

## महिला मंडल ने मनाया तीज महोत्सव

**राजनांदगांव।** श्री मारवाड़ी गौड ब्राह्मण समाज महिला मंडल राजनांदगांव ने अध्यक्ष डॉ. साधना तिवारी के नेतृत्व में पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर एक साथ हरियाली सावन तीज महोत्सव स्थानीय श्री परशुराम भवन मठपारा में मनाया गया।



इस अवसर पर सावन आधारित नृत्य, गीत, मजेदार गेम्स, सावन क्विज, हाऊजी, सावन सुंदरी प्रतियोगिता एवं सुंदर सजे झूलों का आनंद उठाया। रिमझिम बारिश की फुहारों, स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ एक नए रूप में नई उमंग के साथ आपसी स्नेह आत्मीयता के साथ पारंपरिक राजस्थानी परिवेश में तीज का त्यौहार मनाया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सावन सुंदरी प्रतियोगिता में लक्की ड्रा द्वारा विजेता रेखा शर्मा को ताज पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति शर्मा एवं संगीता जोशी ने एवं आभार प्रदर्शन साधना तिवारी द्वारा किया गया।









## खबर संक्षेप



### केंद्रीय गृहमंत्री से मिले सांसद पाण्डेय

**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने नई दिल्ली में भारत के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक गृहमंत्री के रूप में 2,258 दिन पूरे करने पर अमित शाह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सांसद पांडेय ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, माओवाद को समाप्त करने, आतंकवाद-विरोधी निर्णायक नीतियों को लागू करने, सीएए के कार्यान्वयन और आंतरिक सुरक्षा सुधारों के लिए साहसिक व ऐतिहासिक निर्णय लिए,जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र बनाया है। इस दौरान श्री पांडेय ने श्री शाह से विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

### 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** जिले में संचालित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्यभंडारण भाण्डागार तथा एफएल 3 (ग) पर्यटन बार को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बंद रखने शुष्क अवधि घोषित किया गया है। जिले के समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों एवं भंडारण भाण्डागारों को जिले में संचालित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा दुकान, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भंडारण भाण्डागार तथा एफएल 3 (ग) पर्यटन बार मद्य भंडागार एवं मंदिर दुकानों को संलग्न अहातों को शुष्क दिवस पर पूर्णतः बंद रखें एवं शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन नहीं हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** राष्ट्रीय वॉयरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत प्रति वर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। इस वर्ष हेपेटाईटिस के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 28 जुलाई 2025 को विश्व हेपेटाईटिस दिवस का आयोजन किया गया।

इसके लिए भारत सरकार द्वारा थीम हेपेटाइटिस विषयः आइए इसे समझें दिया गया। इस दिवस में स्वास्थ्य संस्थाओं में हेपेटाईटिस के रोकथाम एवं संक्रमण के सम्बन्ध में जन जागरूकता रैली एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनों एवं मरीजों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय वॉयरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में हेपेटाइटिस की जांच, परीक्षण, इलाज एवं टीकाकरण सभी शासकीय जिला अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

**वारदात:** कबीरपंथ के ध्वज चबूतरा को भी किया खण्डित, ग्रामीणों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

# ग्राम हरमो के शिव मंदिर में अज्ञात तत्वों ने शिव लिंग को किया खंडित, गांव में तनाव







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा हिन्दुओं की आस्था के केन्द्रों में हमला और उन्हें चोट पहुंचाने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम हरमो स्थित शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक इस कृत्य को बुधवार-गुरूवार की रात अंजाम दिया गया है। धार्मिक स्थल पर अज्ञात तत्वों की इस करतूत के सामने आने के बाद लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश देखा जा रहा है और ग्रामीण तथा प्रमुख विपक्षी दल आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर धरना पर बैठ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावन मास की तेरस तिथि, जो शिवभक्तों के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है और इसी दिन सामने आई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने समूचे जिले को झकझोर कर रख दिया। बुधवार-गुरूवार की रात कबीरधाम जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भोरमदेव थाना क्षेत्र के ग्राम हरमो के शिव मंदिर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर मंदिर परिसर के बाहर फेंक दिया गया वहीं शिव लिंग में विराजमान नाग देवता को भी खंडित कर दिया गया है। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों को गुरूवार की सुबह उस समय हुई जब वे मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग को जलहरी से उखाड़ कर बाहर फेंक दिया गया है। जिसके बाद इसकी खबर पूरे गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। देखते ही ही देखते प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी भी यहां बड़ी संख्या में पहुंच गए और उन्होने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए घटना की जांच तथा आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह मंदिर प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर से महज तीन किलो मीटर की दूरी पर स्थित है। जानकारी के अनुसार, इस मंदिर का पिछले वर्ष ही जीर्णोद्धार हुआ था और यहां स्थानीय श्रद्धालुओं की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे में सावन की इस पावन तिथि पर इस प्रकार की घटना सामने आना न केवल निंदनीय है, बल्कि क्षेत्रीय अमन और श्रद्धा पर भी गहरी चोट है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। वे इसे शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही मानते हैं, विशेषकर तब जब यह क्षेत्र भाजपा शासनकाल में बार-बार ऐसी घटनाओं का गवाह बन रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि यहां पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम जांच में जुट गई है। शिवलिंग खंडित करने वालों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है, वहीं धार्मिक संगठनों और समाजिक नेताओं ने भी दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



### गांव में तनाव, बड़ी संख्या में पुलिस बल

बताया जाता है कि इस घटना के सामने आने के बाद गांव में भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई है। कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी ग्रामीणों के साथ आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने में बैठ गए है। गांव बढ़ते तनाव को देखते हुए मौके पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। और जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी लगातार ग्रामीणों को समझाईश दे रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में लेकिन तनाव पूर्ण बताई जा रही है।

### जिले में लगातार सामने आ रही है इस तरह की घटनाएं

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस तरह की घटना ग्राम हरमो में पहले भी घट चुकी है। जिसे लेकर भारी बबाल की स्थिति निर्मित हुई थी। वहीं बोड़ला विकासखण्ड मुख्यालय में भी बीते साल स्थानीय काली मंदिर में तोड़ फोड़ किए जाने का मामला सामने आया था। जिसके आरोपी आज पर्यंत पुलिस गिरफ्त से बाहर है। इस तरह की घटना से जिले का विकासखण्ड पंडरिया भी अछूता नहीं रहा है। यहां भी हिन्दू मंदिरों में ताला जड़ने जैसी घटना के साथ ही स्वयं भू जलेश्वर महादेव शिव लिंग को खंडित करने जैसे घटनाएं हो चुकी है।

### कबीर चतूबतरा में भी तोड़फोड़

ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात लोगों ने ग्राम हरमो के शिवलिंग के साथ ही कबीरपंथियों के आस्था के केन्द्र कबीर चबूतरा को भी खंडित किया है। चबूतरा में लगे स्वेत ध्वज स्तम्भ को उखाड़ने का प्रयास किया गया है जिससे चबूतरा क्षतिग्रस्त हो गया है।

# आपसी विवाद के बीच कोटवार की डंडे से पीटकर हत्या

## शराब के नशे में विवाद बना हत्या का कारण



■ शराब सेवन के बाद कोटवार का अपने साथी से हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के बोड़ला थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भीरा के आश्रित ग्राम मांदीभाटा में बीते बुधवार की रात आपसी विवाद के बीच कोटवार की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि शराब के नशे में धुत्त कोटवार और उसके साथी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ा की साथी ने डंडे से पीट-पीटकर कोटवार को मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया गया है है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की देरशाम ग्राम कोटवार नरेंद्र मानिकपुरी पिता भगवानी मानिकपुरी आयु 25 वर्ष निवासी मांडीभाटा गांव के अन्य व्यक्ति चैन सिंह पिता चतुर सिंह आयु 45 वर्ष के साथ शराब दुकान गया था। जहां दोनों ने मिलकर जमकर शराब का सेवन किया। बताया जाता है कि इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और विवाद इतना बढ़ा की लड़ाई झगड़े का रूप ले लिया।

इसी दौरान चैन सिंह ने पास में रखे डंडे से कोटवार पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने झगड़ा छुड़वाया और घायल कोटवार को बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने कोटवार को मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की और रात में ही आरोपी चैनसिंह को उसके ठिकाने से दबोच लिया गया।

### बोड़ला पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

सूचना के बाद बोड़ला पुलिस अस्पताल पहुंची। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया। वहीं पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी चैन सिंह को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पुरानी बात को लेकर कोटवार और चैन सिंह के बीच विवाद हुआ था और इसी विवाद के बीच आरोपी ने डंडे से कोटवार पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद कोटवार नरेन्द्र मानिकपुरी की ईलाज के दौरान मौत हो गई।

# एक पेड़ मां के नाम थीम पर रबेली स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मेरा युवा भारत कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के संयुक्त तत्वधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रबेली में एक पेड़ मां के नाम थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लीलाधर निषाद, द्वितीय स्थान हर्षित जायसवाल, तृतीय स्थान पर प्रियंका साहु रहीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रांगण में पौध रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य हरिनारायण शर्मा, व्याख्याता महेंद्र कुमार श्रीवास, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, श्रीमती भारती मरकाम, श्रीमती प्रीति तिवारी, किशन लाल सत्यवंशी, विजय कुमार चंद्रवंशी, सुश्री राधिका मंडावी एवं कार्यक्रम प्रभारी जितेन्द्र कुमार राजपुत उपस्थित थे।

### मौसमी बिमरी और महामारी के खतरे से निपटने स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**कवर्धा।** बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों एवं महामारी का खतरा बढ़ जाता है। इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले में व्यापक तैयारी की गई है। इसके तहत जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में काम्बेक्ट टीम का गठन किया गया है। इन टीमों के दल प्रभारी संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी बनाए गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर्रे ने आमजन से अपील करते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। सीएमएचओ डॉ डीके तुर्रे जानकारी देते हुए बताया कि इन बीमारियों से बचाव के लिए असुरक्षित जलस्त्रोत कुआ, ढोढी, तालाब, नदी नाला आदि का पानी पीने से बचे, पीने के पानी को हमेशा उबालकर ही उपयोग करें, जलस्त्रोंतो का नियमित रूप से शुद्धिकरण कराएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें और जमीन पर न सोये, बासी खाना, सड़े गले भोज्य पदार्थो का सेवन ना करें, खेतों पर काम पर जाते समय घर से स्वच्छ पानी लेकर जायें, अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने न दें और बाहर का खाना खाने से परहेज करें। इसके साथ ही सीएमएचओ ने लोगों से अपील की है यदि कोई भी ग्राम, पारा या मोहल्ला में किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने के लक्षण दिखें तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में दे, जिससे समय रहते बीमारियों को रोका जा सके।

### प्राथमिक शाला रूसे में मेगा पालक सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासन के आदेशानुसार मेगा पालक बैठक का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला रुसे में किया। जिसमें स्कूल समिति प्रबंधक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य गण तथा पालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास व सतत उपस्थिति हेतु सभी के साथ परिचर्चा किया गया साथ ही छात्र छात्राओं के शिक्षा का वातावरण व बच्चों के स्तर तथा विकास के बारे चर्चा किया। शनिवार को बैगलेस-डे पर बच्चों के जाति-निवास एवं पालको को बच्चों के प्रति ध्यान देने के लिए कहा गया, शाला विकास के सभी सदस्यों द्वारा मॉनिटरिंग व मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता पर चर्चा की गई। इस दौरान अध्यक्ष छलीराम पटेल, राधेलाल साहू, मनीराम साहू, कन्हैया पटेल, लक्ष्मीकांत चंद्रवंशी, पवन पटेल, महेश साहू, झूलेलाल, शिवचरण यादव, शाला प्रधान पाठक धरमराज साहू, शीतल सिंह ध्रुव, मूर्ति महोबिया, सावित्री वर्मा सहित पालक गण उपस्थित थें।

**चुने गए 90 विधायक, 11 सांसद, 1 पीएम, 2 डिप्टी पीएम और 87 एमपी**

# अशोका स्कूल में छात्र संसद सभा का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में विगत दिनों एक गरिमामयी वातावरण में छात्र संसद सभा का मतदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र संसद का गठन कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक एवं कलेक्टर, एसपी तथा दल लीडर्स का चुनाव कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन के भाव को सशक्त करने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में अभिभावकों एवं विद्यालय संचालक व प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं प्राचार्य एसएल.नापित एवं लोकनाथ देवांगन और अभिभावकों ने नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर, एसपी हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन एवं अन्य प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। चयनित विधार्थियो ने भी पूरे उत्साह के साथ मंच पर आकर निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता की शपथ ली। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने सभी नव-नियुक्त छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए अपने उदबोधन में बताया कि बच्चों में लोक तांत्रिक गठविधियों, लोकतंत्र के कार्यप्रणाली, लोकतंत्र की शक्ति, लोकतंत्र की महत्ता एवं उनकी अनिवार्यता की शिक्षा देने के लिए ही विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के मतदान नियमानुसार ही मतदान करवाया जाता है। चुनाव में प्रधानमंत्री के पद में आरुष चंद्रवंशी (बारहवीं,कॉमर्स), उप-प्रधानमंत्री पायल चंद्रवंशी (विज्ञान संकाय), प्रियंका साहू(विज्ञान संकाय हिन्दी माध्यम), सचिव चंचल कौर वाधवा (विज्ञान संकाय)के द्वारा शपथ ली गई। मुख्यमंत्री के पद में नव निर्वाचित छात्र सदस्यों के रूप में असम से भूमिका चंद्रवंशी,वासुदेव वैष्णव (छत्तीसगढ़), सुमेश पाल (मध्यप्रदेश), सौरभ यादव (तमिलनाडु), डोमन ठाकुर (आंध्र प्रदेश), आराध्या पाण्डेय (तेलंगाना), खुशी चंद्रवंशी (केरला), शगुन केशरवानी (प.बंगाल), पूर्वी चंद्रवंशी (ओड़िसा), दिव्यांश चंद्राकर (उत्तर प्रदेश),कामिनी यादव (मणिपुर), तन्मय साहू (मिजोरम), लिजा बर्मन (राजस्थान), किरण सारस्वत (महाराष्ट्र), अंकुर ठाकुर (नागालैंड), आखिलेश साहू (उत्तराखंड) इत्यादि अन्य पदाधिकारीगणो ने शपथ ली। कार्यक्रम के आभार प्रदर्शन लोकनाथ देवांगन (प्राचार्य,एपीएस-1सीजी बोर्ड) के द्वारा किया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और बतलाया कि पूरे छत्तीसगढ़ में 90 विधायक, 11 सांसद हैं, परन्तु हमारे विद्यालय 01 पीएम, 02 डिप्टी पीएम, 87 एमपी, 160 एमएलए, 30 जज, 57 कलेक्टर, 87 एसपी, 01 सचिव कुल 530 ससंदीय छात्र सदस्य हैं। जो एक अलग अनुभव एवं हर्ष का विषय हैं जिस पर हम सभी को गर्व हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# रवेली ली स्कूल में पालक शिक्षक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजई

शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर विनय कुमार पोयम उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शारीरिक-मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना, बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत कराना, जिससे की बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान करना एवं शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर कलेक्टर विनय कुमार पोयम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, रामसिंह ठाकुर, दिनेश झरिया आदि उपस्थित थे।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
● BDS, MDS ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
● BAMS ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
● BHMS ● BBA, MBA
● BNYS ● LLB, LLM
● BPT ● BCA, MCA
● NURSING ● VETERINARY
● PARAMEDICAL ● B.Lib, M.Lib
● D. PHARMA ● Nursery to Class 12th (All subject)
● B. PHARMA ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
● M. PHARMA ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

## खबर संक्षेप

### भाई-बहन ने सफलता प्राप्त कर रचा इतिहास




**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के ग्राम महली निवासी दीनानाथ चंद्राकर के पुत्री व पुत्र ने प्रतियोगी परीक्षा में सफल होकर जिले एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। पुत्री आत्रेयी चंद्राकर ने नीट 2025 में क्वालीफाई किए साथ ही साथ व्यापम के पीपीएचटी 2025 परीक्षा में 586 रैंक प्राप्त कर बीएससी नर्सिंग में 1491 रैंक लाकर सफलता प्राप्त की। वहीं पुत्र अमनदीप चंद्राकर ने एनएमएमएसई 2025 में 93 अंक प्राप्त कर जिले में 11वां स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्रों ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने आईजीजी कॉलेज पंडरिया के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को दी।

### अपनी कला व प्रतिभा से जाने जाते हैं: लखन साहू



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा निवासी लखन साहू वर्षो से अपने कला व प्रतिभा से तीज-त्यौहार में श्री गणेश, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी व मां काली की मूर्ति आसानी से प्रतिमा बनाया जा रहा है। वहीं क्षेत्र ग्राम कंझेटा सहित कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, मोहतरा कला, कुआंमालगी सहित दूर-दराज के ग्रामीण लखन साहू से मूर्ति प्रतिमा बुकिंग कराया गया। बताया जाता है कि श्री साहू द्वारा मूर्ति बनाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे है।

### शिक्षक-पालक प्रथम मेगा बैठक का आयोजन, शैक्षिक गुणवत्ता पर हुई विस्तृत चर्चा



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला खाम्ही संकुल में बुधवार को शिक्षक-पालक प्रथम मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास, छात्र उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, अनुशासन, साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन तथा अभिभावकों की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका अर्चना शर्मा, संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े, एसएमसी अध्यक्ष कृष्णा पटेल एवं कुल 21 पालक गण उपस्थित थें। बैठक में पालकों ने भी अपने सुझाव व विचार साझा किए तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। सभी उपस्थितजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से इस प्रकार की संवादात्मक बैठकों के आयोजन की आवश्यकता जताई।

### मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प पत्र भेंट किया



**हरिभूमि कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के वरिष्ठ सदस्य शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्राचार्य एलआर जेठवन्त राजमहल कॉलोनी निवासी ने विगत दिनों 31 जुलाई को जिला प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार तुर्रे से मिलकर मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प पत्र भेंट किया। जिस पर डॉक्टर ने संकल्प पत्र को लेते हुए कहा कि देहदान-अंगों का दान मानव सेवा के लिए एक बहुत ही पवित्र कार्य है, समय पर हमें तुरंत सूचित करें ताकि इस कार्य के लिए उचित व्यवस्था की जा सके। बताया जाता है कि 25 जुलाई के दिन भी सीनियर सिटीजन समिति के तीन सदस्यों ने देहदान का संकल्प पत्र उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं स्वास्थ्य मंत्री राधेश्याम जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया था। उक्त अवसर पर जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस प्रकार समिति के सदस्य अपने सामाजिक एवं मानव सेवा के लिए हमेशा आगे रहते हैं।

### क्षेत्र के स्कूलों में मेगा शिक्षक-पालक बैठक आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के ग्राम रापा, बसनी, पेंड्रीकला, खैलटुकरी, सुकली-गोविंद, भरेवापुरन, कुण्डा, खम्हरिया, हथमुड़ी विद्यालयों में शासन प्रशासन के मनशानुरूप अगस्त के प्रथम सप्ताह में शिक्षक-पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें इस बैठक का आयोजन कर शिक्षा सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम, परीक्षा पूर्व तैयारी, स्कूल के साफ-सफाई सहित विभिन्न विषयों पर शिक्षकों और पालकों के बीच बृहद परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। इस पालक शिक्षक मेगा बैठक में पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरेवा-पुरन प्रधान पाठक लेखराज साहू द्वारा छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित पालकों को न्यौता भोज कराया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधिगण, पालक एवं ग्रामवासी साथ ही साथ स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

**सौगात: विभिन्न निर्माण कार्यों का पूजा-अर्चना कर किया भूमिपूजन**

# डिप्टी सीएम के नेतृत्व में कवर्धा विस चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र चहुंमुखी विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की विकासपरक सोच और प्रतिबद्धता के अनुरूप ग्राम सैगोना में विभिन्न निर्माण कार्यो की विधिवत भूमिपूजन हुई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम सैगोना में विभिन्न निर्माण कार्यों की घोषणाएं की थीं। जिनकी स्वीकृति अब प्राप्त हो चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम सैगोना में 37 लाख 54 हजार 700 रुपए की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्यो का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों की उपस्थिति में तीन प्रमुख कार्यो की आधारशिला रखी गई। उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से ग्राम की आंतरिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 20 लाख 60 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में कीचड़ व आवागमन की समस्या से मुक्ति मिलेगी। छात्रावास परिसर की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए 6 लाख 93 हजार 700 रुपए की लागत से बॉउंड्रीवॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। सामाजिक आयोजनों एवं सामुदायिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए 10 लाख रुपए की लागत से यादव भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इन सभी कार्यो का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

### क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ सशक्त किया जा रहा: श्री साहू




जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ सशक्त किया जा रहा है, जिससे गांवों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की सोच केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन घोषणाओं को धरातल पर उतारने का भी कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है। गांव की सड़कों को पक्की करना, सामुदायिक भवनों का निर्माण, छात्रावासों को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाना, सामाजिक समुदायों के लिए सुविधाजनक संरचनाएं उपलब्ध कराना ये सभी कार्य ग्रामीणों की आवश्यकताओं और भावनाओं के अनुरूप किए जा रहे हैं। उन्होने यह भी कहा कि इन विकास कार्यो से न केवल लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यह गांवों की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक प्रगति में भी सहायक सिद्ध होंगे। युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा, सामाजिक आयोजन सम्मानपूर्वक होंगे और ग्रामीण परिवेश में विकास की नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि इन निर्माण कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करें और इन्हें अपना समझकर संरक्षित रखें। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और विकास की इस यात्रा में सक्रिय भागीदार बनें।

### विकास कार्यो के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

ग्रामवासियों ने इन विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ये निर्माण कार्य ग्राम की वर्षो पुरानी जरूरतें थीं, जिन्हें अब साकार होते देखना गर्व और संतोष की अनुभूति देता है। उन्होंने कहा कि सीसी रोड का निर्माण ग्रामवासियों को हर मौसम में सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा देगा, जबकि छात्रावास परिसर की बाउंड्रीवाल और यादव भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण गांव के युवाओं और सामाजिक संगठनों के लिए एक मजबूत आधार बनेगा।

## रक्षाबंधन पर कुण्डा गुरुद्वारा में होगा निशान साहिब चोला परिवर्तन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 9 अगस्त (शनिवार) को रक्षाबंधन एवं पूर्णमासी के शुभ अवसर पर दुख निवारण गुरुद्वारा, बब्बे डेरा कुण्डा में निशान साहिब चोला परिवर्तन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। डेरा प्रमुख संत बाबा हरदीप सिंह खनूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक परंपरा विगत वर्षो से लगातार निभाई जा रही है, जिसमें प्रदेश भर से हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं। समारोह के अंतर्गत सहज पाठ दी लड़ी की शुरुआत पहले ही हो चुकी है, जिसकी पूर्णाहुति 9 अगस्त को पूर्णमासी के दिन की जाएगी। इसके उपरांत रागी जत्था द्वारा गुरबाणी कीर्तन किया जाएगा और दिनभर गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था एवं एकता का प्रतीक बन चुका है, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।

## अभाविप ने दुर्ग विश्वविद्यालय की उप-शाखा कवर्धा में खोलने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति अतिथि के रूप में कवर्धा पहुंचे हुए थे। जिनसे मिलकर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने दुर्ग विश्वविद्यालय की शाखा कवर्धा में खोलने की मांग रखी। जिला संयोजक गजाधर वर्मा ने कुलपति को अवगत कराते हुए विद्यार्थी की समस्याओं को उनके समक्ष रखा और कहां कि विश्वविद्यालय से संबंधित 9 ऐसे महाविद्यालय कवर्धा में स्थापित हैं जिसमें कुई कुकदुर, झलमला, बोड़ला में स्थित महाविद्यालय जो घोर वनांचल क्षेत्र में स्थापित हैं ऐसे में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के संबंधित किसी भी प्रकार कि समस्याएं जैसे माइग्रेशन, परीक्षा फार्म में त्रुटि, परीक्षा परिणाम का रुक जाना जैसे और विभिन्न समस्याएं विद्यार्थियों को होती है जिसके लिए उन्हें दुर्ग जाना पड़ता है जिसके लिए विद्यार्थियों को एडमिशन से ज्यादा पैसा आने जाने पर ही लग जाता है। जिस पर नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने बताया कि कवर्धा एक बड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिनके पास न पढ़ने के लिए पैसे होते हैं और न ही कहीं जाने के लिए आवागमन के साधन ऐसे में उनको किसी भी प्रकार की समस्याएं होती हैं तो वे दुर्ग आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण नहीं जा पाते और उनका पढ़ाई अवरूद्ध हो जाता हैं। इन सारी समस्याओं को देखते हुए हमने कुलपति के समक्ष समस्त विद्यार्थियों की समस्याओं को रखा। जिस पर कुलपति ने आश्वासन दिया है कि आने वाले समय में कवर्धा में एक शाखा विश्वविद्यालय की हो इसके लिए हम प्रयास करेंगे, जिससे की विश्वविद्यालय पर पड़ने वाले भार भी कम हो सके और विद्यार्थियों को भी ज्यादा दिक्कतो का सामना न करना पड़े।

### बारदी स्कूल में हुआ बाल वाटिका कार्यशाला का आयोजन




**हरिभूमि बरबसपुर।** बाल-वाटिका कार्यशाला का आयोजन इन्नोवेशन पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम ग्राम बारदी-कवर्धा में छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल वाटिका कार्यशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु घर एवं विद्यालय परिषर पर बच्चों की कैसे देखभाल करने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुभवी शिक्षक मनीषा यादव द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षा एनईपी 2020 एवं पॉक्सो एक्ट के नियम और गुड टच बैड टच, पॉक्सो बॉक्स के उपयोग को गतिविधियों के माध्यम बताया गया। मनीषा यादव ने बाल वाटिका शिक्षा के संदर्भ में बताया कि नर्सरी कक्षा शिक्षण, जिसे प्री-प्राइमरी शिक्षा भी कहा जाता है, 3 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए एक प्रारंभिक शिक्षा का चरण है। इसका उद्देश्य बच्चों के विकास के सभी पहलुओं जैसे सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है। खेल-आधारित शिक्षा, शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने को प्रोत्साहित करती हैं, जिससे बच्चों में जिज्ञासा, आत्मविश्वास और सीखने के प्रति प्रेम विकसित होता है। खेल-आधारित शिक्षा, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास, सुरक्षित और प्रेरक वातावरण, माता-पिता की भागीदारी, शिक्षक प्रशिक्षण, एनईपी 2020 का कार्यान्वयन एवं बाल वाटिका का उद्देश्य पर चर्चा किया गया। बाल वाटिका में कार्यक्रम की शुरुआत ओंकार और विद्यालय प्रार्थना से हुई। स्कूल की प्रधानाचार्य महादेव निषाद एवं शिक्षक राकेश चंद्रवंशी ने अतिथियों का स्वागत करके प्रारंभ किया। उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रामफल साहू, संतकुमारी घृतलहरे, प्रगति चंद्रवंशी, पूर्णिमा यादव, भुनेश्वरी साहू एवं सभी विद्यार्थी पालक बंधु उपस्थित थें।

### पालक व शिक्षकों की बैठक हुई



**हरिभूमि पोंड़ी।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला तथा हॉयर सेकेण्डरी स्कूलों में पालक एवं शिक्षकों का संवाद का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राम दशरंगपुर प्राथमिक शाला में पालक एवं शिक्षकों के बीच बच्चों की प्रगति व भविष्य की संभावनाओं को आकलन कर पालकों के साथ समन्वय स्थापित किया गया। बुधवार को जिले के सभी स्कूलों में पालक शिक्षक बैठक आयोजन किया गया, इसी बीच पालकों को उनकी जवाबदारी की चर्चा करते हुए बताया गया कि बच्चों की पढ़ाई होमवर्क में पालक विशेष ध्यान दें, पालक की मौजूदगी में बच्चों की पढ़ाई व जनरल नॉलेज का भी अवलोकन कराया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राम खिलावन साहू ने बताया कि बच्चों के साथ पालकों को गांव में एक एक पेड़ अनिवार्य रूप से लगाना है। इस आयोजन में पालक व ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

**20 फीट से अधिक ऊंचाई पर टंगे मटकी नहीं फोड़ने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया**

## गोविंदा उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर, सामाजिक बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सर्व यादव समाज द्वारा गोविंदा उत्सव को लेकर तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है। गोविंदा उत्सव आयोजन को लेकर प्रतिदिन श्रीराधाकृष्ण बड़े मंदिर में प्रतिदिन बैठक की जा रही है। वहीं जन्माष्टमी पर 16 अगस्त तक जारी रहेगी, 5 अगस्त को हुई बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। सर्व यादव समाज सचिव प्रकाश यादव ने बताया कि आयोजन को भव्य रुप देने लगातार कार्य जारी है। साथ ही कार्यक्रम को नया रुप देने कई बदलाव भी किया गया है, इसके अलावा पूर्व की भांति सुरक्षा कारणों से 20 फीट से अधिक ऊंचाई पर टंगे मटकी नहीं फोड़ने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दही लूट में शामिल सदस्यों की संख्या 81 निर्धारित की गई है साथ ही मटकी के साथ गोपियों की संख्या 31 तय की गई है। आगामी दिनों की बैठक में महिला समाज द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा निर्धारित की जाएगी। साथ ही कार्यक्रम को लेकर अतिथियों का चयन संबंधित कार्य निर्णय बैठक में लिया जाना प्रस्तावित है।

### खेड़ापति मंदिर में होगी विशेष पूजा अर्चना

इस वर्ष दही लूट के पहले पूजा का एक और कार्यक्रम जोड़ा गया है। प्रकाश यादव ने बताया कि 17 अगस्त को दही लूट व शोभायात्रा के लिए गोविंदा उत्सव में शामिल सभी सदस्य सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर में विशेष पूजा करेंगे। वहीं बैठक में कार्यक्रम को लेकर मूर्ति, सजावट और मटकी की व्यवस्था की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

### तीन दिन आयोजित होगा कार्यक्रम

इस बार समाज द्वारा निर्णय लिया गया है कि मूर्ति स्थापना जन्माष्टमी से एक दिन पहले होगी। सचिव प्रकाश ने बताया कि भगवान श्री राधा कृष्ण के प्रतिमा की पूजा और प्रतिष्ठा का कार्य जन्माष्टमी के दिन ही होगा। 16 अगस्त को सिर्फ महिलाओं का कार्यक्रम और रैली होगी। वहीं रैली के बाद शाम को पूजा कार्यक्रम अतिथि द्वारा की जाएगी। गोविंदा उत्सव के दिन 17 अगस्त की सुबह 8 बजे हवन होगा। जिसके बाद दही लूट रैली दोपहर 12 बजे नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी।

## भाजपा की दोहरी नीति की शिकार हुई छत्तीसगढ़ की जनता

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



कांग्रेस नेता मनीष शर्मा कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में दी जाने वाली 400 यूनिट तक पचास फीसदी छूट को समाप्त किए जाने पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है छत्तीसगढ़ की जनता को दोहरी नीति का शिकार होना पड़ रहा है। झूठे लोक-लुभावने योजनाओं के दम पर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा की सरकार द्वारा 400 यूनिट बिजली की खपत वाले केवल 14 लाख उपभोक्ता ही कहना मध्यमवर्गीय परिवार की अहितैषी भाजपा सरकार की चाल चरित्र को उजागर करता है। मनीष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक मार्च 2019 में 45 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू की थी। जिसका सीधा लाभ 1043 रूपए उपभोक्ताओं को प्रतिमाह मिलता रहा है। लेकिन अब जनता को बढ़े हुए दर के साथ बिजली बिल का बोझ उठाना पड़ेगा। वही 400 यूनिट तक बिजली के बिल में हाफ बिजली बिल छूट का लाभ को समाप्त कर केवल 100 यूनिट तक छूट देने के निर्णय से जनता में भारी नाराजगी है और बिजली का पॉवर हब कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में आए दिन बिजली कटौती की जाती है बिजली उत्पादक छत्तीसगढ़ की जनता को बिजली की पूर्ति करने में सरकार पूरी तरह से विफल है। जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा ।